## निविदा सूचना (Tender Notice)

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत बुनकर सहकारी समितियों से विभिन्न विभागों में लगने वाले सामग्री – गणवेश (बालक हेतु पैंट, शर्ट, बालिका हेतु ट्यूनिक, शर्ट ), टाटपट्टी 18 इंच चौड़ा एवं 20 फीट लम्बा, आसन, चादर, कम्बल,मच्छरदानी, दरी 9*12 क्रय हेतु दर एवं सैम्पल मंगाये जाने के सम्बन्ध में।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| क्रमांक | विशेष | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का नाम | गणवेश (बालक हेतु पैंट, शर्ट, बालिका हेतु ट्यूनिक, शर्ट ), टाटपट्टी 18 इंच चौड़ा एवं 20 फीट लम्बा, आसन, चादर, कम्बल,मच्छरदानी, दरी 9*12 सामग्री हेतु बुनकर सहकारी समितियों का Rate Contract. |
| 2 | निविदा क्रमांक | KV 04 / 2026-27 |
| 3 | निविदा आमंत्रितकर्ता | प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, रायपुर |
| 4 | निविदा प्रक्रिया | Two Bid System (Technical Bid एवं Financial Bid) |
| 5 | पात्र निविदादाता | छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत बुनकर सहकारी समितियां |
| 6 | निविदा प्रकाशन दिनांक | ------------------ |
| 7 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | ----------------- दोपहर 3.00 बजे |
| 8 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | ----------------- दोपहर 4.00 बजे |
| 9 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | ----------------- दोपहर 4.00 बजे |
| 10 | EMD राशि | DD / FDR to CHHATTISGARH KHADI AND GRAMODYOG BOARD |
| 11 | निविदा दस्तावेज शुल्क | 500/- |
| 12 | Performance Security/PBG | नियमानुसार |
| 13 | निविदा सम्बन्धी जानकारी | विभागीय वेबसाईट www.cgkhadi.in में देखा जा सकता है। |
| 14 | निविदा अवधि | 90 दिवस |

उद्देश्य :- छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत बुनकर सहकारी समितियों से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की जाती हैं। छत्तीसगढ़ में खादी एवं हाथकरघा उत्पादन तथा बुनकर समितियों के संवर्धन हेतु राज्य में पंजीकृत समितियों को छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 8 के उपनियम 8.3 अनुसार प्रदान की जाएगी।

**1. क्रय की जाने वाली सामग्री**

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | आकार / मापदंड | EMD in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | गणवेश पेन्ट (बालक) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | 200000.00 |
| | गणवेश शर्ट (बालक) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | |
| | गणवेश शर्ट (बालिका) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | |
| | गणवेश ट्यूनिक (बालिका) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | |
| 2 | टाटपट्टी | 18इंच चौड़ा एवं 20 फीट लम्बा | 100000.00 |
| 3 | आसन | 18”*18” डबल रिब डिजाईन | 100000.00 |
| 6 | चादर | 54”X90” | 200000.00 |
| 7 | कम्बल | 54”X90” | 200000.00 |
| 8 | मच्छरदानी | Standard size | 50000.00 |
| 9 | दरी | 9*12 | 100000.00 |

- **नोट :- वास्तविक क्रय आवश्यकता बजट उपलब्धता एवं शासन स्वीकृति के आधार पर निर्धारित की जाएगी।**

  **EMD की राशि निविदा द्वारा प्रस्तुत की जा रही सामग्री के आधार पर निर्धारित होगी।**

**2. तकनीकी विनिर्देश**

- मानक आकार / मापदंड अनुसार सामग्री की गुणवत्ता एवं रंग स्थायित्व संतोषजनक होना चाहिए।

**3. पात्रता :-** निविदादाता छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत बुनकर सहकारी समिति होना चाहिए।

- समिति का वैध जीवित पंजीयन प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।
- समिति का PAN, GST एवं ITR (यदि लागू हो )प्रस्तुत करना होगा।
- विगत 03 वर्षों में शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थाओं को वस्त्र आपूर्ति का अनुभव होने पर प्राथमिकता दी जाएगी।
- समिति किसी शासकीय विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं होनी चाहिए।
- इकाई को छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 8 के उपनियम 8.3 अनुसार खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत बुनकर सहकारी समिति का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**4. निविदा की प्रमुख शर्तें :-**

- निविदा में भाग लेने वाली समिति का छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत बुनकर सहकारी समिति होना अनिवार्य है।
- निविदादाता को समिति पंजीयन प्रमाण पत्र, PAN, GST, बैंक विवरण, विगत 03 वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट (यदि लागू हो तो ), टर्नओवर विवरण (यदि लागू हो तो), विगत 3 वर्षो का ITR (यदि लागू हो तो ) उत्पादन क्षमता एवं अनुभव संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।
- निविदा Two Bid System के अंतर्गत आमंत्रित की जाएगी।
- प्रथम चरण में Technical Bid का परीक्षण किया जाएगा। तकनीकी रूप से योग्य पाए गए निविदादाताओं की Financial Bid खोली जाएगी।
- चयनित समितियों के साथ निर्धारित अवधि हेतु Rate Contract किया जाएगा।
- Rate Contract से किसी समिति को निश्चित मात्रा में क्रय आदेश प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा। क्रय आवश्यकता, गुणवत्ता, दर एवं सक्षम स्वीकृति के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।
- दरें प्रति नग के आधार पर अंकित की जाएंगी।
- दरों में परिवहन, पैकिंग, लोडिंग, अनलोडिंग एवं अन्य सभी कर/व्यय सम्मिलित होंगे।
- निविदा स्वीकृति की तिथि से आगामी एक वर्ष तक दरें वैध रहेंगी तथा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 4 के उपनियम 4.14 (3) अनुसार वस्तुओं के सम्बन्ध में , पुनरावृत्ति आदेश मूल आदेश की मात्रा के 25 प्रतिशत से अधिक का नहीं होगा।
- दर अनुबंध की वैधता अवधि के दौरान यदि कोई नवीन बुनकर समिति/उत्पादन इकाई बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों पर सामग्री की आपूर्ति करने हेतु लिखित सहमति प्रदान करती है तथा निविदा/दर अनुबंध की समस्त नियम एवं शर्तों के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर पात्रता की शर्तें पूर्ण करती है, तो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति एवं दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत उसे भी उक्त दर अनुबंध में सम्मिलित किया जा सकेगा।
- आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निर्धारित गुणवत्ता एवं तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप होना अनिवार्य होगा।
- बोर्ड को किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
- प्रत्येक वस्तु का नमूना निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- बोर्ड समिति द्वारा चयनित नमूना ही आपूर्ति का मानक माना जाएगा।
- निम्न गुणवत्ता की सामग्री अस्वीकृत की जाएगी।
- विभाग द्वारा मांग किए जाने पर सामग्री की गुणवत्ता हेतु वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त लेब से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**5. निविदा दस्तावेज प्राप्ति**

- निविदा दस्तावेज कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा बोर्ड द्वारा निर्धारित माध्यम से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**6. संपर्क कार्यालय**

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मुख्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़), दूरभाष :- 7898985205,7898985251 ई-मेल hocgkvib@rediffmail.com.

7. **निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की प्रक्रिया**

**7.1 निविदा प्रस्तुत करना:-**

- निविदादाता को निर्धारित प्रारूप में तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव पृथक-पृथक प्रस्तुत करना होगा।
- एक बड़े लिफाफे के भीतर पृथक –पृथक लिफाफे में तकनिकी एवं वित्तीय निविदा विवरण के साथ स्पष्ट रूप से निविदा का नाम दिनांक उल्लेखित कर जमा करेंगे I
- निविदा के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज, प्रमाण पत्र एवं घोषणाएं संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- अपूर्ण, अस्पष्ट अथवा आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत निविदा को अस्वीकार किया जा सकता है।
- निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

**8. निविदा खोलने की प्रक्रिया:-**

- निविदा निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थान पर गठित निविदा समिति/क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।
- सर्वप्रथम तकनीकी निविदा (Technical Bid) खोली जाएगी । **(Annexure - 1)**
- तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों, पात्रता, अनुभव, उत्पादन क्षमता, वित्तीय स्थिति एवं अन्य मापदंडों का परीक्षण किया जाएगा ।
- केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए निविदादाताओं की वित्तीय निविदा (Financial Bid) खोली जाएगी ।

  (Annexure - 2)
- निविदा खोलने की सूचना पात्र निविदादाताओं को नियमानुसार दी जाएगी।
- निविदा खोलने की कार्यवाही का विवरण (Bid Opening Sheet / Proceedings) तैयार किया जाएगा, जिसमें उपस्थित निविदादाताओं के हस्ताक्षर लिए जा सकेंगे।

**9. निविदा मूल्यांकन प्रक्रिया:-** तकनीकी Bid में योग्य पाए जाने वाले निविदादाताओं की ही Financial Bid खोली जाएगी

निविदाओं का मूल्यांकन गठित समिति द्वारा किया जाएगा।
मूल्यांकन निम्न आधारों पर किया जाएगा:-

- पात्रता मापदंड
- तकनीकी योग्यता
- उत्पादन क्षमता
- गुणवत्ता मानक
- प्रस्तुत दरें
- वित्तीय क्षमता

9.1 बोर्ड को आवश्यक होने पर निविदादाता से अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अधिकार होगा।

9.2 स्पष्टीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया से निविदा की मूल शर्तों में परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

10. दरों की स्वीकृति एवं Rate Contract

- चयनित समितियों के साथ निर्धारित अवधि हेतु Rate Contract निष्पादित किया जाएगा।
- Rate Contract में सामग्री का विवरण, गुणवत्ता, दर, आपूर्ति अवधि एवं अन्य शर्तें स्पष्ट रूप से अंकित की जाएंगी।
- Rate Contract की अवधि में दर संशोधन सामान्यतः स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष परिस्थितियों में अनुमति प्रदान न की जाए।

11. अनुबंध निष्पादन

- चयनित समिति को निर्धारित अवधि में अनुबंध निष्पादित करना होगा।
- अनुबंध निष्पादित नहीं करने की स्थिति में EMD जब्ती एवं अन्य नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।
- अनुबंध की सभी शर्तें निविदा दस्तावेज का अभिन्न भाग होंगी।

12. निरीक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण

- बोर्ड द्वारा गठित समिति/अधिकृत अधिकारी द्वारा उत्पादन स्थल एवं आपूर्ति सामग्री का निरीक्षण किया जा सकेगा।
- आवश्यकता होने पर सामग्री का परीक्षण मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कराया जा सकता है।
- परीक्षण/निरीक्षण में असफल सामग्री को अस्वीकार करने का अधिकार बोर्ड को होगा।

13. विवाद निवारण

- निविदा एवं अनुबंध से संबंधित विवादों का समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा।
- विवाद समाधान न होने की स्थिति में सक्षम न्यायालय का क्षेत्राधिकार रायपुर (छत्तीसगढ़) रहेगा।

14. भ्रष्टाचार निरोधक घोषणा (Integrity Declaration)

- निविदादाता द्वारा यह घोषणा प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि उसने निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने हेतु किसी प्रकार का अनुचित लाभ, रिश्वत अथवा प्रलोभन नहीं दिया है।

15. अधिकार सुरक्षित

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को अधिकार होगा कि:-

- किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त कर सके।
- निविदा प्रक्रिया में संशोधन / स्पष्टीकरण जारी कर सके।
- आवश्यकतानुसार किसी भी चरण में प्रक्रिया को निरस्त कर सके।

16. Force Majeure

- प्राकृतिक आपदा, शासन आदेश, महामारी अथवा नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों में आपूर्ति प्रभावित होने पर पक्षकारों के दायित्वों का निर्धारण नियमानुसार किया जाएगा।

17. भुगतान

- बोर्ड द्वारा निर्धारित थोक कमीशन काटकर सामग्री की सफल आपूर्ति एवं सम्बंधित विभाग से गुणवत्तायुक्त एवं सही मात्रा में सामग्री प्राप्त होने की प्रमाणित पावती प्रदाय करने के उपरांत नियमानुसार GST एवं TDS कटोत्रा कर भुगतान किया जावेगा।
- सामग्री आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता समिति को कोई अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।
- भुगतान RTGS के माध्यम से किया जाएगा।

18. सुरक्षा निधि (Security Deposit)

- स्वीकृत निविदा दाता को उनके द्वारा निविदा हेतु जमा की गई EMD राशि अनुबंध अवधि पूर्ण होने पर नियमानुसार वापस की जाएगी जिसमे किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
- स्वीकृत निविदादाता को कार्यादेश मूल्य का 3% PGB (Performance Bank Guarantee) जमा करना होगा, जो अनुबंध अवधि पूर्ण होने पर नियमानुसार वापस की जाएगी।

19. दण्ड प्रावधान

- विलंबित आपूर्ति पर छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम अनुसार निर्धारित दर से दण्ड राशि (पेनाल्टी) अधिरोपित की जा सकेगी।
- अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होने पर कार्यादेश निरस्त करने का अधिकार प्रबंध संचालक होगा।
- निविदा नियम एवं शर्तो को आश्यकतानुसार परिवर्तन , शिथिल व शून्य करने का अधिकार प्रबंध संचालक का होगा।

20. निविदा निरस्तीकरण का अधिकार

- बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक का होगा।

ANNEXURE – 1

ANNEXURE – 2

ANNEXURE – 3

ANNEXURE – 4

ANNEXURE – 5

ANNEXURE – 1

## TECHNICAL BID FORMAT

(Envelope – 1)

बुनकर सहकारी समितियों के Rate Contract हेतु तकनीकी प्रस्ताव:-

निविदा क्रमांक :- ............

दिनांक :- ............

**1. समिति का सामान्य विवरण**

समिति अध्यक्ष / प्रतिनिधि का नाम -

समिति का नाम :-

पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :-

पंजीयन अधिनियम :-

स्थापना वर्ष :-

कार्यालय पता :-

उत्पादन केंद्र का पता :-

अध्यक्ष/सचिव का नाम :-

मोबाइल नंबर :-

ई-मेल :-

**2.EMD का विवरण**

EMD राशि : ₹ -------------------------

भुगतान माध्यम : -----------------------

बैंक का नाम : -------------------------------------------------------------------------

DD / FDR संख्या : --------------------------------------------------------------------

दिनांक : ----------------

**3.वैधानिक दस्तावेजों का विवरण**

| क्रमांक | दस्तावेज | संलग्न (लागू हाँ / लागू नहीं) |
|---|---|---|
| 1 | समिति का पंजीयन | |
| 2 | PAN कार्ड | |
| 3 | GST प्रमाण पत्र | |
| 4 | बैंक खाता विवरण | |
| 5 | पिछले 3 वर्षो की ऑडिट रिपोर्ट | |
| 6 | बुनकरों का नाम एवं आधार की जानकारी | |
| 7 | समिति धारक की आधार की छायाप्रति | |
| 8 | विगत 3 वर्षो का ITR | |

**4.अनुभव विवरण (दस्तावेजो के साथ )**

| क्रमांक | विवरण | सामग्री आपूर्ति विवरण | वर्ष | राशि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

5.उत्पादन क्षमता विवरण

| क्रमांक | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कुल करघो की संख्या | |
| 2 | कार्यरत बुनकरों की संख्या | |
| 3 | उत्पादन क्षमता वार्षिक | |

6. वित्तीय क्षमता

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | टर्नओवर (यदि लागू हो) |
|---|---|---|
| 1 | 2023-24 | |
| 2 | 2024-25 | |
| 3 | 2025-26 | |

7. तकनीकी घोषणा

हम प्रमाणित करते हैं कि:-

1. हमारी समिति निविदा की सभी शर्तें पूर्ण करती है।
2. हमारे द्वारा दी गई जानकारी सत्य है।
3. हम निर्धारित गुणवत्ता एवं समय सीमा में सामग्री आपूर्ति करने में सक्षम हैं।
4. सामग्री निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएगी।

**दिनांक:-**
**स्थान:-**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**(समिति की मुहर सहित)**

ANNEXURE – 2

## FINANCIAL BID FORMAT

(Envelope – 2)

Rate Quotation for Rate Contract

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | तकनिकी विनिर्देश | दर | GST | कुल दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गणवेश पेन्ट (बालक) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | | | |
| 2 | गणवेश शर्ट (बालक) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | | | |
| 3 | गणवेश शर्ट (बालिका) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | | | |
| 4 | गणवेश ट्यूनिक (बालिका) | 03 से 06 वर्ष के बच्चो हेतु | | | |
| 5 | टाटपट्टी | 18इंच चौड़ा एवं 20 फीट लम्बा | | | |
| 6 | आसन | 18”*18” डबल रिब डिजाईन | | | |
| 7 | चादर | 54”X90” | | | |
| 8 | कम्बल | 54”X90” | | | |
| 9 | मच्छरदानी | Standard size | | | |
| 10 | दरी | 9*12 | | | |

### घोषणा

1. प्रस्तुत दरें सभी करों सहित हैं।
2. दर में पैकिंग, परिवहन (संबधित विभाग / स्थान में पहुंचाकर), लोडिंग एवं अनलोडिंग व्यय सम्मिलित हैं।
3. स्वीकृत दर Rate Contract अवधि तक प्रभावशील रहेंगी।
4. दरों में परिवर्तन केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही किया जा सकेगा।
5. नियमानुसार GST पृथक से सामग्रीवार अंकित किया जाना अनिवार्य है ।

**दिनांक:-**
**स्थान:-**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**(मुहर सहित)**

ANNEXURE –3

## ब्लैकलिस्ट नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र

मैं / हम ....................................... अधिकृत प्रतिनिधि, यह घोषणा करता / करती हूं कि हमारी समिति / संस्था को किसी शासकीय विभाग/उपक्रम द्वारा प्रतिबंधित अथवा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है। यदि भविष्य में यह तथ्य असत्य पाया गया तो बोर्ड को हमारी Rate Contract निरस्त करने एवं नियमानुसार कार्यवाही करने का अधिकार होगा।

**दिनांक:-**
**हस्ताक्षर एवं मुहर**

ANNEXURE –4

## Integrity Declaration

मैं/हम घोषणा करते हैं कि निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किसी अधिकारी/कर्मचारी को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोई अनुचित लाभ, रिश्वत अथवा प्रलोभन नहीं दिया गया है।

**दिनांक:-**

**हस्ताक्षर एवं मुहर**

ANNEXURE – 5

## तकनीकी विवरण एवं गुणवत्ता घोषणा

हम प्रमाणित करते हैं कि हमारे द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री:-

1. निर्धारित तकनीकी विनिर्देश के अनुरूप होगी।
2. गुणवत्ता मानकों का पालन करेगी।
3. निरीक्षण में असफल होने पर सामग्री वापस लेने व गुणवत्तायुक्त सामग्री से प्रतिस्थापन करने की जिम्मेदारी हमारी होगी ।

दिनांक:-

हस्ताक्षर एवं मुहर